प्रेस नोट

जनपद सीतापुर

एक टॉप-10 सहित कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार, 5 अवैध शस्त्र बरामद

दिनांक 06.06.22

पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक श्री आर.पी. सिंह द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

दिये गये निर्देश के क्रम में थाना मानपुर, कमलापुर, तंबौर व संदना की पुलिस टीमों द्वारा चेकिंग के दौरान एक टॉप 10 सहित कुल पांच अभियुक्तों को 05 अवैध शस्त्र व 06 कारतूस सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विवरण निम्नवत् है-

1. **थाना मानपुर द्वारा दो अवैध शस्त्र सहित 01 टॉप 10 व 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान टॉप 10 अपराधी मो0 सनी पुत्र अब्दुल गनी नि0ग्रा0 बिरैचा थाना मानपुर जनपद सीतापुर तथा अभियुक्त अमित अवस्थी पुत्र रामचन्द्र अवस्थी नि0ग्रा0 सधुवापुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके पास से एक-एक अवैध शस्त्र व एक कारतूस बरामद हुआ है। उक्त संबंध में क्रमशः मु0अ0सं0 158/122, 159/22 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त मो.सनी उपरोक्त थाना मानपुर का टॉप 10 अपराधी भी है।

आपराधिक इतिहास टॉप 10 अभियुक्त मो. सनी-

1. मु0अ0सं0 267/20 धारा 147/148/307/323/397/504/506 भादवि थाना मानपुर सीतापुर
2. मु0अ0सं0 01/21 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना मानपुर सीतापुर
3. मु0अ0सं0 158/22 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट थाना मानपुर सीतापुर

2. **थाना कमलापुर द्वारा अवैध तमंचा व 2 कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तारः-** थाना कमलापुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त नजीमुल्ला उर्फ नजीबुल्ला S/O मसीउल्ला R/O असोदर PS खैराबाद जनपद सीतापुर को एक अदद अवैध तमंचा व 02 कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 193/22 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

3. **थाना संदना द्वारा अवैध तमंचा/कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तारः-** थाना संदना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त गौरीश पुत्र बल्दी नि0 महसुई थाना संदना जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक अदद अवैध तमन्चा व कारतूस 12 बोर बरामद हुआ । बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मु0अ0सं0 308/22 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

4. **थाना तंबौर द्वारा अवैध तमंचा/कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तारः-** थाना संदना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त विजय पुत्र परशुराम नि0 इच्छा थाना तंबौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक अदद अवैध तमन्चा व कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मु0अ0सं0 192/22 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।